# उपायुक्त का कार्यालय, जामताड़ा।

## (जिला पंचायत राज शाखा)

### –:: आम सूचना ::–

**14वें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों के लिए कनीय अभियंता एवं लेखा लिपिक –सह– कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण की सूचना**

14वें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों के लिए कनीय अभियंता के कुल–1 (एक) पद एवं लेखा लिपिक –सह– कम्प्यूटर ऑपरेटर के कुल–14 (चौदह) पद में रिक्त है। सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज), झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1453/पं0 दिनांक– 03.05.2016 एवं पत्रांक–41 दिनांक– 04.01.2019 के आलोक में उक्त रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति की जानी है। विभागीय अधिसूचना सं0–689 दिनांक– 26.02.2016 के द्वारा 14वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि के दस प्रतिशत राशि से ग्राम पंचायतों के लिए संविदा पर नियुक्त होने वाले कनीय अभियंता के लिए मासिक मानदेय 17,000.00 (सत्रह हजार) रूपये एवं लेखा लिपिक –सह– कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए मासिक मानदेय 10,000.00 (दस हजार) रूपये निर्धारित की गई है।

उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैः–

क. आरक्षण

| क्र0 | पद का नाम | आरक्षण की स्थिति | | | | कुल रिक्त पदों की संख्या | मासिक मानदेय की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित पदों की संख्या | अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित पदों की संख्या | अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित पदों की संख्या | अनारक्षित पदों की संख्या | | |
| 1 | कनीय अभियंता | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 17000.00 |
| 2 | लेखा लिपिक –सह– कम्प्यूटर ऑपरेटर | 03 | 07 | 0 | 04 | 14 | 10000.00 |

**ख. शैक्षणिक योग्यताः**

**1. पद का नाम– कनीय अभियंता**

(i) अनिवार्य योग्यताः– मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से नियमित पाठ्यक्रम में 50 प्रतिशत अंको के साथ सिविल अभियंत्रण में डिप्लोमा अथवा समकक्ष शैक्षणिक योग्यता।

(ii) वांछित योग्यताः– संबंधित क्षेत्र में उच्चतर योग्यता।

**2. पद का नाम– लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर**

(i) अनिवार्य योग्यताः– मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बी0कॉम/बी0एस0सी0(गणित/सांख्यिकी)/बी0ए0(गणित/सांख्यिकी) अथवा समकक्ष डिग्री। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अंक में 05 प्रतिशत की छूट रहेगी।

(ii) वांछित योग्यता एवं अनुभवः संबंधित क्षेत्र में उच्चतर योग्यता एवं अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी।

Scanned by CamScanner

ग. उम्र सीमा:

(i) सामान्य वर्ग के लिये : 35 वर्ष

(ii) पिछड़ा वर्ग (BC-2) के लिये : 37 वर्ष

(iii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये : 40 वर्ष

नोटः– आवेदकों के उम्र की गणना हेतु दिनांक–01.01.2019 की तिथि को Cut of Date निर्धारित किया गया है। मैट्रिक का प्रमाण पत्र / अंक पत्र में अंकित जन्म तिथि ही मान्य होगा। अतः मैट्रिक का प्रमाण पत्र/अंक पत्र आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

घ. नियुक्ति की प्रक्रिया:

I. जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा पर नियुक्त की जायेगी।

II. नियुक्त शैक्षणिक योग्यता (अनिवार्य एवं वांछनीय), अनुभव दक्षता परीक्षा (विषय ज्ञान एवं कम्प्यूटर ज्ञान) के अंकों के कुल प्रप्तांकों पर आधारित होगा।

ड. सामान्य शर्तेः

1. सरकार के अपर मुख्य सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज भाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प ज्ञापांक 3854 दिनांक 01.06.2018 के कंडिका 3(क) के अनुसार इस जिले में जिला स्तर के वर्ग 3 एवं 4 के पदों पर नियुक्त हेतु अगले 10(दस) वर्षो तक मात्र संबंधित जिले के स्थानीय निवासियों को ही पात्र माना जायेगा। अतः प्रत्येक अभ्यर्थी को स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा जो अनुमण्डल पदाधिकारी से अन्युन स्तर से (नियोजन/सभी कार्य हेतु) निर्गत हो। केवल जामताड़ा जिला के अभ्यर्थियों ही इस नियुक्त हेतु पात्र होंगे।
2. आरक्षित कोटि के अभ्यर्थियों के लिये जाति के दावा करने हेतु जाति प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा जो अनुमंडल पदाधिकारी से अन्यून स्तर से (नियोजन/सभी कार्य हेतु) निर्गत हो।
3. सभी अभ्यर्थियों को प्रारंभिक मेघा सूची के आधार पर दक्षता परीक्षा (विषय ज्ञान एवं कम्प्यूटर ज्ञान) के लिए आमंत्रित किया जायेगा।
4. अंतिम मेघा सूची में पदवार रिक्त का दोगुना नाम पैनल के रूप में रहेगा जो अधिकम एक वर्ष के लिए वैध रहेगा। पदों में एक साल के अन्दर होने वाले रिक्त इसी से भरे जायेंगे।
5. दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के अंतिम मेघा सूची में टाई (Tie) की स्थिति में उम्र में वरीय को प्राथमिकता दी जायेगी। यदि उम्र बराबर हो, तो लोटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा।
6. उच्च योग्यता एवं अनुभव के निर्धारण से संबंधित विवरणी जामताड़ा जिला के अधिकारिक वेवसाईट www.jamtara.nic.in पर देखा जा सकता है।

च. मूल्यांकनः

I. आवेदक का मूल्यांकन 100 अंकों पर किया जायेगा जो निम्न खण्डों विभाजित रहेगाः–

| अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | वांछित योग्यता | अनुभव | दक्षता परीक्षा | | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | विषय ज्ञान | कम्प्यूटर ज्ञान | |
| 50 | 10 | 10 | 20 | 10 | 100 |

Scanned by CamScanner

II. कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्णता का स्तर 40 प्रतिशत रहेगा, यानि 10 में से 4 अंक लाना अनिवार्य होगा।

III. चयन की पात्रता हेतु कुल निर्धारित 100 अंकों में से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को न्युनतम 40 अंक लाना अनिवार्य होगा एवं अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों को न्युनतम 50 अंक लाना अनिवार्य होगा। इससे कम अंक लाने पर नियुक्ति हेतु अयोग्य माने जायेंगे।

**छ. आवेदन समर्पित करने की प्रक्रिया:**

I. आवेदन पत्र विहित प्रत्र में भरे जायेंगे जिसे जामताड़ा जिले के वेबसाईट www.jamtara.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

II. आवेदक को आवेदन के साथ पद के अनुरुप शुल्क का भुगतान करना होगा जो निम्नवत होगा:–

| क्रमांक | पद का नाम | शुल्क की राशि | कोटि |
|---|---|---|---|
| 1 | कनीय अभियंता | 500/– | सामान्य/पिछड़ा वर्ग (BC-2) /अत्यंत पिछड़ा वर्ग (BC-1) के लिए |
| | | 300/– | अनुसूचित जाति (ST)/अनुसूचित जाति (SC) के लिए |
| 2 | लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 500/– | सामान्य/पिछड़ा वर्ग (BC-2) /अत्यंत पिछड़ा वर्ग (BC-1) के लिए |
| | | 300/– | अनुसूचित जाति (ST)/अनुसूचित जाति (SC) के लिए |

iii. आवेदन शुल्क की राशि का भुगतान उपायुक्त, जामताड़ा के पदनाम से राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक डॉफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से किया जायेगा जो जामताड़ा जिला में भुगतेय हो।

iv. अवेदन पत्र उपायुक्त, जामताड़ा (जिला पंचायत राज कार्यालय, जामताड़ा) को संबोधित निबंधिक डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही समर्पित किये जायेंगे एवं आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.7.19 तक निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं आवेदन शूल्क का बैंक डॉफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। लिफाफे पर आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम, पत्राचार पता तथा आवेदित पद का नाम साफ–साफ अक्षरों में लिखा होना चाहिए।

v. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र/अधुरा भरा आवेदन पत्र/आवेदन शुल्क रहित आवेदन पत्र/वांछित प्रमाण पत्रों स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न नहीं रहने पर आवेदन पत्र को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

**ज. संविदा पर नियुक्त होने वाले कर्मियों की सेवाशर्त्त निम्नवत होगी:–**

1. प्रारंभिक चरण में संविदा के आधार पर ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिये की जायेगी तथा इस कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व समिति के द्वारा उनके कार्य की समीक्षा कि जायेगी। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अगले एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति का

Scanned by CamScanner

नवीकरण किया जा सकेगा। नवीकरण नहीं होने की स्थिति में ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी। नियुक्ति के लिए गठित की गई चयन समिति ही इस प्रयोजनार्थ नवीकरण के लिए समिति मानी जायेगी।

2. यदि कोई कार्यरत कर्मी ऐसी नियुक्ति से स्वतः मुक्त होना चाहेगा तो उसे अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से नियुक्ति पदाधिकारी को इसकी लिखित सूचना एक माह पूर्व देनी होगी या एक माह कि परिलब्धि जामा करनी होगी। इसके विपरित यदि नियुक्ति पदाधिकारी को ऐसे कार्यरत कर्मी की सेवा की आवश्यकता नहीं हो तो वे उसे एक माह की लिखित सूचना या एक माह की परिलब्धि देकर कार्यरत कर्मी की सेवा समाप्त कर सकेंगे। परन्तु कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर ऐसे कार्यरत कर्मी की सेवा नियुक्ति पदाधिकारी के द्वारा किसी भी वक्त समाप्त की जा सकेगी।

3. उपर्युक्त अवधि मे संविदा के आधार पर नियुक्ति कर्मी को किसी अन्य स्थान / संस्था इत्यादि में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

4. संविदा अवधि के नवीकरण कर्मियों के क्षमताओं, निधि की उपलब्धता तथा योजना की अवधि को ध्यान में रखते हुए किया जायेगा।

5. कार्य संतोषजनक पाये जाने पर मानदेय में पाँच प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दी जायेगी।

7. आवेदक को देय एकमुस्त वेतन के अर्न्तगत ही यात्रा, दुरभाष एवं इन्टरनेट की सुविधा सम्मिलित होगी।

8. आवेदक को योगदान करने हेतु किसी प्रकार का यात्रा व्यय का भुगतान नहीं किया जायेगा। कर्मी को मात्रा सरकारी कार्यो से देश के अन्दर यात्रा करने हेतु राज्य सरकार के नियमों के अन्तर्गत यात्रा व्यय का भुगतान की जायेगा।

9. राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अवकाश संविदा कर्मियों को देय होगा।

उपायुक्त,
जामताड़ा।

ज्ञापांक 287 /जि०पं० दिनांक 01.07.2019

प्रतिलिपिः– जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जामताड़ा को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि उक्त विज्ञापन को जिला के वेवसाइट पर ऑपलोड (Upload) करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त
जामताड़ा।

Scanned by CamScanner

# Application format

| | |
|---|---|
| | Self-Attested<br><br>Photo |

1. Post Applied for :-
2. Name of the Candidate :-
3. Father's Name :-
4. Nationality :-
5. State in which Domiciled/ Resident :-
6. Address
   (a) Permanent Address :-

   (b)Correspondence Address :-

7. E-Mail Address :-
8. Mobile No. :-
9. Cast :-
10. Age :-
11. Education Qualification/Desirable Qualification

| Name of Exam | University/Institute | Passing Year | Percentage |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

12. Experience

| Name of Organization | Designation | From | To |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

**Note: -** Documents related to Age, Proof of Domicile/Residence, Caste, Qualification, Experience should be self-attested and attached.

**Declaration**

I hereby declare that all the statement information furnished& papers attached are true to best of my knowledge and belief. I have not been prosecuted or punished by court of low for any offence of involved/named/charge sheeted in any criminal or like case. If any of the information furnished by the undersigned is formed to be false, my candidature be deemed void and be appropriately penalized.

**Signature of the applicant**

Scanned by CamScanner